www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-344 सागवाड़ा,सोमवार,5 सितम्बर, 2022 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


# वणोरी में विवाहिता फांसी के फंदे पर लटकी मिली

## मृतका के पिता ने सूरत से लौटकर दहेज हत्या की दी रिपोर्ट



सागवाड़ा। निकटवर्ती वणोरी में सोमवार को एक विवाहिता का शव संदिग्ध हालत में घर में फंदे से लटका हुआ मिला।

मृतका शिल्पा (22) पत्नी महेंद्र डामोर का शव घर में गले में फंदे लटकी हुई हालत में मिला। जिसे परिजन फंदे से उतारकर सागवाड़ा उप जिला अस्पताल में पहुंचे जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार ससुराल पक्ष से करीब 10-12 लोग उसे अस्पताल लेकर पहुंचे थे। डॉक्टर द्वारा महिला को मृत घोषित कर देने के बाद घर लौट गए। पीहर पक्ष के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी जिस पर उप निरीक्षक सोमेश्वर चिकित्सालय पहुंचे तथा घटना की जानकारी ली। जानकारी के अनुसार मृतका शिल्पा का पीहर नगर के एकलव्य कॉलोनी में है और करीब आठ माह पूर्व ही उसकी शादी हुई थी। मृतका के पिता एकलव्य कॉलोनी निवासी गोपाल पुत्र कल्लू डाबी के सूरत में रोजगारत होने से सूचना दी गई जो शाम को सूरत से सागवाड़ा पहुंचे। मृतका का पोस्टमार्टम मंगलवार को होगा।

### एक लाख रुपए लाने को कहकर कर रहे थे परेशान

मृतका के पिता एकलव्य कॉलोनी निवासी गोपाल पिता कल्लू डाबी ने दी रिपोर्ट में बताया कि पुत्री शिल्पा डाबी का विवाह 21 नवम्बर, 2021 को वणोरी निवासी महेन्द्र पुत्र सवजी डामोर से जाति रीति रिवाजानुसार करवाई थी। शादी के बाद से पुत्री शिल्पा उसके ससूराल में रह रही थी। शिल्पा चार माह से गर्भवती थी। शिल्पा का पति महेन्द्र, ससुर सवजी, सास कमला, जेठ व जेठाणी मुकेश व तुलसी सभी मिलकर विगत दो माह से दहेज में पिता के घर से एक लाख रुपए लाने को कहकर तंग एवं परेशान कर रहे थे।

बडी पुत्री पायल पत्नी भरत ननोमा को शनिवार को फ़ोन पर बताया कि ससुराल में परेशान कर रहे हैं तथा आ जाओ। रविवार को पत्नी मंजु मेरी, पायल व उसका पति भरत तीनो शिल्पा के घर गये थे। शिल्पा ने ससुराल वालो से दहेज के लिए प्रताडित करना बताया था तथा साथ मे ले जाने को कहा अन्यथा ये मार देंगे। पत्नी एवं पुत्री ने शिल्पा को समझाया एवं समाधान का आश्वासन देकर गए।

पुत्री पर सोमवार सुबह महेन्द्र का फोन आया कि बहन की तबीयत खराब है तथा सरकारी अस्पताल बुलाया। शिल्पा के पीहर वाले हॉस्पिटल पहुंचे तब हॉस्पिटल के दरवाजे पर स्टेक्चर पर लाश पडी थी।

# फर्जी एस्कोर्ट सर्विस के नाम पर लडकियां सप्लाई का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा

## साबला थाना पुलिस ने दो आरोपी किये गिरफ्तार

आसपुर। डूंगरपुर जिले की साबला थाना पुलिस ने फर्जी एस्कोर्ट सर्विस के नाम पर लडकिया सप्लाई का झांसा लोगो से ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। मामले में पुलिस ने बोडीगामा छोटा गाँव में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी फोन के जरिये ऑनलाइन ठगी किया करते थे पुलिस ने आरोपियों के फोन जब्त किये है। वही पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

डूंगरपुर जिले के साबला थाने के थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान ने बताया की मुखबिर के जरिये थाना क्षेत्र के बोडीगामा छोटा गाँव में दो युवको द्वारा फर्जी एस्कोर्ट सर्विस के नाम पर लडकिया सप्लाई का झांसा देकर लोगो से ऑनलाइन ठगी करते है। थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान ने बताया की मुखबिर के जरिये मिली सुचना पर साबला पुलिस की टीम ने बोडीगामा छोटा गाँव में जाकर दबिश दी। इस दौरान पुलिस ने बोडीगामा छोटा गाँव निवासी 20 वर्षीय दीपक पुत्र मणिलाल पाटीदार व 23 वर्षीय भरत पुत्र अमरजी पाटीदार को जाकर पकड़ा। वही दोनों युवको के मोबाइल जब्त करते हुए जांच की। उन्होंने बताया की जांच में दोनों युवको के मोबाइल में एडल्ट लडकियों के फोटो मिले। वही वाट्सप नम्बरों में लडकियों की सप्लाई जानकारी व पेमेंट सम्बन्धी जानकारी ली। जिस पर दोनों युवको को पुलिस ने हिरासत में लेकर थाने लाये और पूछताछ की। पुलिस पूछताछ में युवको ने बताया की वे लोकेंटो व ओक्लुट वेबसाईट पर एडल्ट लडकियों के फोटो अपलोड करके विज्ञापन देते थे। लोग उन विज्ञापनों पर दिए नम्बरों पर फोन करते थे और दोनों युवक लोगो को लडकिया सप्लाई का झांसा देकर ऑनलाइन ठगी किया करते थे। पुलिस ने दोनों युवको को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

# सागवाड़ा में आज बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**सागवाड़ा।** विद्युत विभाग के गामठवाडा जीएसएस से जुड़े हाउसिंग बोर्ड फीडर पर नया 11 केवी टावर लगाने का कार्य होने की वजह से 6 सितम्बर को सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक विद्युत् आपूर्ति बन्द रहेगी। जिससे हाउसिंग बोर्ड, प्राइवेट बस स्टैंड क्षेत्र, मंगलम विहार, नर्सरी मोड़, आमन्त्रा रेजीडेंसी, कानडकुआ आदि क्षेत्र की विद्युत् आपूर्ति बन्द रहेगी।

# यूथ कांग्रेस में हुई नियुक्तियों पर बवाल, नेता पुत्र को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया

## बोर्ड अध्यक्ष ने लिखा- संगठन के मेंबर तक नहीं, क्या यही आंतिरक लोकतंत्र?




**जयपुर।** यूथ कांग्रेस में हुई नियुक्तियों पर बवाल हो गया है। दो दिन पहले हुई इन नियुक्तियों पर अब कांग्रेस पार्टी में सियासी विवाद शुरू हो गया है।यूथ बोर्ड अध्यक्ष सीताराम लांबा ने 4 सितंबर को यूथ कांग्रेस में हुई 14 नियुक्तियों पर सवाल उठाते हुए राष्टीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी को चिट्?ठी लिखकर सवाल उठाए हैं। सीताराम लांबा ने गुजरात प्रभारी रघु शर्मा के बेटे सागर शर्मा को सीधे वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाए जाने पर इशारों में सवाल उठाए हैं। मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास के भांजे दुष्यंत राज सिंह को भी वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया है। यूथ बोर्ड अध्यक्ष सीताराम लांबा ने यूथ कांग्रेस की नियुक्तियों पर सवाल उठाते ट्वीट किया- यही यूथ कांग्रेस का आंतरिक लोकतंत्र बचा है? जो भारतीय युवा कांग्रेस के सदस्य भी नहीं, वो बिना संगठन चुनाव के सीधे प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाए गए है। शीर्ष नेतृत्व सूची पर पुनर्विचार करें।

**रघु शर्मा के बेटे को नियुक्ति देने पर विवाद** - यूथ कांग्रेस के राजस्थान प्रभारी और अब गुजरात के प्रदेशाध्यक्ष बनाए गए हरपाल सिहं चुड़ासमा ने दो दिन पहले ही 14 नियुक्तियां की थीं। इनमें 4 वरिष्ठ उपाध्यक्ष, 9 उपाध्यक्ष और एक संगठन महासचिव की नियुक्तियां की थीं। 4 वरिष्ठ उपाध्यक्षों में से दो पर विवाद है। गुजरात प्रभारी रघु शर्मा के बेटे सागर शर्मा को सीधे वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया है, इससे पहले वे संगठन में किसी पद पर नहीं थे। आम तौर पर पदाधिकारी स्टेप बाय स्टेप बनाने की पंरपरा रही है, लेकिन रघु शर्मा के बेटे को सीधे वरिष्ठ उपाध्यक्ष जैसा बड़ा पद देने पर अब विवाद है।

# डूंगरपुर के प्रतापनगर मोहल्ले में चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाया

**डूंगरपुर।** डूंगरपुर जिला मुख्यालय पर कोतवाली थाना क्षेत्र के प्रतापनगर मोहल्ले में आज तड़के चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाया। सुबह पौने 5 बजे अलमारी तोड़ने की जोर से आवाज होने पर पड़ोसी किरायेदार जाग गए जिससे बदमाश भाग छूटे। देवला निवासी बसंत जोशी और उनकी पत्नी पिछले 25 सालो से प्रतापनगर में रहते है। उनके बेटे किशोर जोशी को सुबह किरायेदार ने फोन पर बताया कि चोरी हुई है। इस पर वे परिवार सहित डूंगरपुर पहुंचे। वही सूचना पर इटालि खेड़ा से बसंतलाल जोशी भी डूंगरपुर पहुंच गए। कोतवाली से सब इंस्पेक्टर रामस्वरूप ने पहुंचकर मौका मुआयना किया। वारदात में करीब 15 हजार रुपए नगद, तीन जोड़ी चांदी की पायल, एक सोने की चेन और एक रिंग सहित करीब एक लाख रुपए का नुकसान हुआ है। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आपको बता दे कि कुछ दिन पहले भी इसी मोहल्ले में दो घरों में चोरी हो चुकी है। वही पास ही मुख्य मार्ग पर इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में भी चोरी की घटना का खुलासा अब तक पुलिस करने में विफल रही। मोहल्ले वासियों ने पुलिस की गश्त व्यस्था को फेल बताते हुए आक्रोश जताया है।

# शिक्षक दिवस पर दिखा हर घर रक्तवीर अभियान का परिणाम, सपना फाउंडेशन को मिला संभाग स्तर पर सम्मान

**बांसवाड़ा।** हर घर रक्तवीर का अभियान को आगे बढाते हुए शिक्षक दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन अंकुर सीनियर सेकंडरी स्कूल व सपना फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। जिसमें 50 रक्तवीरों द्वारा रक्तदान किया गया। ब्लड बैंक में निरन्तर रक्त की कमी के चलते रक्तदान शिविर हेतु आग्रह किया गया था इसी को देखते हुए जागरूक रक्तवीरो द्वारा रक्तदान किया गया। साथ ही सपना फाउंडेशन को ज्ञान ज्योति सेवा संस्थान द्वारा उदयपुर में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में सम्मानित किया गया। टीम ने यह सम्मान सभी रक्तवीरो को समर्पित किया।



**इन्होंने किया रक्तदान**- कार्यक्रम का आरम्भ संस्था प्रधान डॉ. रक्षा सराफ द्वारा रक्तदान कर किया गया इसके पश्चात् विद्यालय के अभिभावक व शिक्षक गणों ने एनोश वाटसन, प्रवीण सिन्हा, राजेंद्र गोरी, प्रियंका जैन, सुनंदा दवे, अली असगर घडियाली व तसनीम घडियाली, मुफ्फज़ल बरवावाला व अन्य कई अभिभावकों ने रक्दान किया साथ ही दूर दराज से आये रक्तवीर वर्षों से सेवा में कार्यरत साकेत भावसार, हर्ष मीणा नरवाली 20 वीं बार, करण पाटीदार 9वीं बार ,अमृत निनामा, हितेश यादव , मुकेश निनामा, दिनेश पाटीदार, अर्जुन सालवी, अक्षय कलाल द्वारा रक्तदान किया गया।

**इनकी रही उपस्थिति**- संस्था के अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, सचिव शैलेन्द्र सराफ, अनंत गुप्ता, पार्षद दीपक जोशी, विप्र फाउंडेशन के अध्यक्ष योगेश जोशी, जे.पी. शाह, प्रभात शाह, मनीष मेहता, रोट्रेक्ट के अध्यक्ष यश सराफ अंकुर मेहता व् जिम्मी सराफ, नरेश जी कोठारी, भरत कंसारा, वृक्षम फाउंडेशन से नीरज, मनोज, वैभव एवं महात्मा गाँधी चिकित्सालय के ब्लड बैंक इन्चार्ज डॉ. समीर खान, डॉ. नरेन्द्र बघेल राजेंद्र सेनी, मोहन, अनिल व् भारतीय ब्लड बैंक टीम का सहयोग रहा।

# विप्र कल्याण बोर्ड के सदस्य और उदयपुर संभाग प्रभारी सीताराम 8 को सागवाडा में

**सागवाडा।** विप्र कल्याण बोर्ड के सदस्य और उदयपुर संभाग प्रभारी सीताराम शर्मा नेहरू 8 सितंबर को शाम 4.30 बजे सागवाडा के सिद्धि महाविद्यालय में ब्राह्मणों के विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से संवाद कर और रूबरू होंगे।

विप्र फाउंडेशन जिलाध्यक्ष सागवाडा प्रकाश व्यास ने बताया कि पहली बार विप्र कल्याण बोर्ड बनने के बाद सागवाडा में पहली यात्रा को लेकर विफा सहित सभी विप्रसमाज में उत्साह है।राजस्थान राज्य विप्र कल्याण बोर्ड की बोर्ड बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार विप्र समाज की सामाजिक बुराइयों, कुरीतियों की पहचान, विप्र समाज मुख्यत- धार्मिक गतिविधियों से जुड़े हुए व्यक्तियों/परिवारों की समस्याओं का अध्ययन, सामाजिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए राज्य सरकार को अनुशंषाये एवं नवीन योजनाये/कार्यक्रम प्रस्तावित करने के लिए उदयपुर संभाग के अंतर्गत जिला राजसमंद, उदयपुर, डूंगरपुर व (सागवाडा) में जिला स्तरीय मीटिंग का आयोजन किया गया है।

# किराणा व्यापारी के घर से अवैध गैस सिलेंडर व प्रतिबंधित पॉलीथिन केरीबेग जब्त, डीएसटी ने की कार्रवाइ

**डूंगरपुर।** जिले की पुलिस की स्पेशल टीम (डीएसटी) ने आज कोतवाली थाना क्षेत्र की कुशालमगरी में एक किराणा व्यापारी के घर दबिश दी । इस दौरान पुलिस की स्पेशल टीम ने घर से 66 सिलेंडर और 210 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन केरीबेग जब्त किये है । पुलिस की स्पेशल टीम ने रसद विभाग व नगरपरिषद को सुचना दी है । मामले में अग्रिम कार्रवाई रसद विभाग व नगरपरिषद की ओर से की जायेगी ।

डूंगरपुर जिले की पुलिस की स्पेशल टीम के प्रभारी व डिप्टी मनोज सामरिया ने बताया की जिले में जिला पुलिस अधीक्षक राशी डोगरा के निर्देश पर अवैध गतिविधियो के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है । इसी अभियान के तहत पुलिस की स्पेशल टीम (डीएसटी) को कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर की कुशालमगरी क्षेत्र में एक किराणा व्यापारी के घर पर अवैध रूप से गैस के सिलेंडर और प्रतिबंधित पॉलीथिन केरीबेग का भंडारण होने की सुचना मिली थी । जिस पर पुलिस की स्पेशल टीम के हैड कांस्टेबल राजकुमार, कांस्टेबल लक्ष्मण सिंह, राकेश कुमार और जोगेंद्र सिंह ने कुशालमगरी में मोहनलाल कलाल नाम के किराणा व्यापारी के घर पर जाकर दबिश दी । इस दौरान मोहनलाल कलाल के घर के पीछे बने कमरों में गैस सिलेंडर, रिफलिंग मशीन रखी हुई थी।

इसके अलावा भारी मात्रा में प्रतिबंधित पॉलीथिन केरीबेग भी थे । जिस पर पुलिस की स्पेशल टीम ने मौके से 66 गैस सिलेंडर और 210 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन केरीबेग जब्त किये । इधर कार्रवाई के बाद पुलिस की स्पेशल टीम ने रसद विभाग और नगरपरिषद को सुचना दी है । मामले में अग्रिम कार्रवाई रसद विभाग व नगरपरिषद की ओर से की जायेगी ।

# BTP विधायकों ने कांग्रेस में मुख्यालय राज्य सभा सांसद से की मुलाक़ात, विकास कार्यों के वादे याद दिलाये

**जयपुर ।** राजस्थान के दोनों भारतीय ट्राइबल पार्टी (बीटीपी) विधायक राजकुमार रोत और रामप्रसाद डिंडोर ने सरकार को हर बार समर्थन दिया है। चाहे राजनीतिक उठापटक का समय हो या फिर राज्यसभा चुनाव हर समय कांग्रेस सरकार का साथ दिया। बताया जा रहा है कि सोमवार को राजस्थान कांग्रेस मुख्यालय में दोनों विधायक नाराजगी जताते हुए धरना देने पहुंचे थे ।



बाद में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी की समझाइश के बाद दोनों विधायक मान गए और बातचीत कर वापस लौट गए। दोनों की नाराजगी राज्यसभा चुनाव के दौरान विकास कार्यों के वादों को कांग्रेस सरकार की ओर से पूरा नहीं करना है। दोनों विधायकों ने कांग्रेस से नाराजगी जताते हुए कहा कि चाहे कांग्रेस हो या भाजपा, दोनों ही पार्टियों से आदिवासी युवा खुश नहीं हैं। यही कारण है कि आदिवासी इलाके में युवाओं ने छात्रसंघ चुनाव में दोनों पार्टियों को नकार दिया। बताया जा रहा है कि अपने क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर कांग्रेस पार्टी को समर्थन दिया था। जो वादे उनसे राज्यसभा चुनाव में किए गए थे, वे वादे अब तक पूरे नहीं हुए। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी जयपुर आए, तो उन्होंने अपनी नाराजगी जताने के लिए प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय का रुख कर लिया. हालांकि, प्रमोद तिवारी ने दोनों विधायकों को आश्वासन दिया कि वह उनके क्षेत्र में विकास के वादों को पूरा करवाएंगे।

हालांकि सागवाडा विधायक राम प्रसाद डेंडोर ने दूरभाष पर बातचीत में बताया कि क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर यह मुलाक़ात की गई है।

क्षेत्र के विकास को लेकर सरकार से जो विकास की माँगें की गई है वह तो याद दिलाने के लिए एवं राज्यसभा सांसद से मुलाक़ात के लिए कांग्रेस मुख्यालय गए थे ।

# कुएं में डूबने से नाबालिग लड़की की मौत

## रस्सी टूटने से कुएं में गिरे 3 भाई-बहन, 2 को बचाया

**सागवाड़ा।** वरदा थाना क्षेत्र के बैण गांव में कुएं में डूबने से एक 11 साल की नाबालिग लड़की की मौत हो गई, जबकि उसके 2 चचेरे भाई-बहन को बचा लिया। बच्चे रस्सी को पकड़कर कुएं में नहा रहे थे, लेकिन अचानक रस्सी टूटने से हादसा हो गया। वरदा थानाधिकारी रामेंग पाटीदार ने बताया की चेतनलाल पुत्र धुलेश्वर परमार निवासी बैण ने मामला दर्ज कराया है। रिपोर्ट में बताया कि उसका छोटा भाई राकेश (11), छोटी बहन सुमित्रा (12) और चचेरी बहन सोनिया (11) पुत्री पप्पू लाल परमार तीनों घर के पास ही कुएं पर नहाने गए थी। कुआं पानी से फुल भरा होने की वजह से तीनों कुएं पर लगी रस्सी को पकड़कर नहा रहे थे। इसी दौरान रस्सी टूट गई और तीनों कुएं में गिर गए। इससे तीनों डूबने लगे। इसे देख चचेरा भाई हितेश दौड़कर आया और तीनों को बाहर निकालने लगा। हितेश ने राकेश और सुमित्रा को जिंदा बचा लिया, लेकिन सोनिया डूब गई। उसे बचाने के लिए कई बार पानी में गोते लगाए, लेकिन उसकी मौत हो गई। घटना के बाद गांव के लोग इकट्ठे हो गए। सोनिया के शव को कुएं से बाहर निकाला।

घटना की सूचना पर वरदा थानाधिकारी रामेंग पाटीदार मौके पर पहुंचे। शव को सागवाड़ा हॉस्पिटल के मोर्चरी में रखवाया। मासूम सोनिया के पिता पप्पूलाल परमार मुंबई में नौकरी करने के चलते नहीं आ सके। इस पर वरदा पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। फिलहाल पुलिस घटना को लेकर जांच कर रही है।

## राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह- 2022

# डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को प्रेरणा मानें शिक्षकः डॉ.बी.डी.कल्ला

**जयपुर।** शिक्षा मंत्री डॉ.बी.डी.कल्ला ने कहा कि शिक्षक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को प्रेरणा मानें। डॉ. कल्ला सोमवार को बिरला ऑडिटोरियम में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह - 2022 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अलग-अलग वर्गों में 98 शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए सम्मानित किया। साथ ही, 6 शिक्षा अधिकारियों को भी जिला रैंकिंग में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों से संस्कारवान विद्यार्थियों की एक टीम तैयार करने की भी अपील की। डॉ. कल्ला ने सम्मानित शिक्षकों की परिचय के लिए एक सम्मान पुस्तिका का विमोचन भी किया। साथ ही, आर केस एम बी के ऐप को लॉन्च किया। यह ऐप कक्षा 3 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षा राज्य मंत्री जाहिदा खान ने की। उन्होंने शिक्षकों को अपनी विशेष पहचान बनाए रखने के लिए बधाई दी और कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत शिक्षा को लेकर काफी संवेदनशील है। अतिरिक्त मुख्य सचिव, शिक्षा पवन कुमार गोयल ने शिक्षकों को प्रेरणा का स्त्रोत बताया और शिक्षा में संसाधनों का विवेकपूर्ण इस्तेमाल करने का सुझाव दिया। शिक्षा में कोरोना काल के दौरान लर्निंग लॉस की भरपाई करने के लिए राजस्थान सरकार के नवाचार राजस्थान के शिक्षा में बढ़ते कदम को विभाग की एक महत्वाकांक्षी योजना बताया। उन्होंने डॉ. राधाकृष्णन के मूल्यों को दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया। माध्यमिक शिक्षा निदेशक गौरव अग्रवाल सहित वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।